शिक्षक के दायित्व और राष्ट्र संवर्धन में उनकी भूमिका पर चर्चा

- शिक्षक संघ राष्ट्रीय का संभाग कार्यकर्ता शिविर आयोजित
- राष्ट्र संवर्धन और संस्कार युक्त शिक्षा के लिए चुनौतियां एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की

बीकानेर में प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह के सानिध्य में हुए शिक्षक संघ राष्ट्रीय के संभाग कार्यकर्ता शिविर में भाग लेते शिक्षक।

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के संभाग कार्यकर्ता विकास वर्ग की कार्य योजना के अंतर्गत बीकानेर संभाग का आयोजन प्रकृति सरंक्षण का संदेश प्रसारित करने वाले मुकाम, नोखा बीकानेर में आयोजित किया गया।

संभाग कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रभारी एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष और वर्ग के व्यवस्थापक ओमप्रकाश बिश्नोई की देखरेख और प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह के सानिध्य में संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में कुल नो सत्र आयोजित किए गए जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने शिक्षक के दायित्व और राष्ट्र संवर्धन में उनकी भूमिका पर चर्चा की।

शिविर का प्रारंभ प्रथम दिवस प्रथम सत्र में बीकानेर जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू की अध्यक्षता में मुख्य वक्ता संपत सिंह ने व्यक्ति निर्माण और कार्यकर्ता विकास के लिए वर्ग की प्रासंगिकता पर चर्चा से हुआ। रवि आचार्य ने कहा कि अभ्यास वर्ग किसी भी कार्यकर्ता का परिमार्जन करने व संवर्धन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सम्पत सिंह ने कहा कि एक सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता संगठन की असली पूंजी है।

द्वितीय सत्र में श्याम सिंह प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्र संवर्धन और संस्कार युक्त शिक्षा के लिए चुनौतियां एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय भारत का समय स्वर्णिम काल होने के कारण मजबूती से भारत आगे बढ़ रहा है। इसकी प्रगति को रोकने में अनेक अलगाववाद शक्तियां क्षेत्रवाद धर्मान्तरण, मंत्रातरण, सांस्कृतिक मार्क्सवाद जैसी अनेक भारत विरोधी ताकतें लगी हुई है। इन भारत विरोधी ताकतों को आगे बढ़ने से रोकने में जागरूक शिक्षकों का भी प्रमुख दायित्व बनता है।

सत्र की अध्यक्षता कर रहे हनुमानगढ़ जिला अध्यक्ष अतर सिंह ने संगठन द्वारा कार्यकर्ता निर्माण के लिए इस प्रकार के माध्यमों के नियमित कार्य योजना की प्रशंसा करते हुए राष्ट्रीय विचार से आगे बढ़ने की सीख दी। वहीं मंच संचालन कर रहे जिला मंत्री हनुमानगढ़ चंद्रशेखर ने ब्रिगेडियर भवानी सिंह के जीवन चरित्र को याद करते हुए राष्ट्र नायकों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने का आग्रह किया।

इसी क्रम में नारी शक्ति विमर्श पर साहित्यकार मोनिका गौड, युवा शक्ति राष्ट्र की धरोहर पर संगठन प्रदेश मंत्री नरेश सोलंकी ने शिक्षक संघ राष्ट्रीय का वैचारिक अधिष्ठान, संगठन की कार्य पद्धति और व्यवहार आदि विषयों के सत्र में संगठन में कार्यकर्ता निर्माण से दायित्ववान कार्यकर्ता के बौद्धिक विकास पर चर्चा हुई।

रवि आचार्य ने बताया कि द्वितीय दिवस का प्रारंभ सामाजिक सरोकार के पंच प्रण विषय पर विचार से प्रारम्भ हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता ओमप्रकाश बिश्नोई ने सामाजिक उत्थान से राष्ट्र संवर्धन और प्रकृति संक्षरण की भावना को समझने की विद्या से अवगत करवाया। इस सत्र की अध्यक्षता कर रहे उदय सिंह राठौड़ ने जीवन में पंच प्रण अपनाकर जीवन को सरल बनाने का विचार दिया। इसी क्रम में बहन लक्ष्मी स्वामी और पुष्पेन्द्र ने नशे से दूर करके युवा को उपकृत करने के पुण्य कार्य की योजना से जुड़ी जानकारी साझा की।

विकास वर्ग में प्रकृति संक्षरण के पर्याय जंभेश्वर महाराज की शिक्षाओं और पंथ की पालना से लालासर संथारी के पूज्य महाराज सच्चिदानन्द से सुनकर प्रकृति संरक्षण के उनके प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित नजर आएं।

कार्यकर्ता विकास वर्ग का अंतिम सत्र श्रद्धेय स्व. जयदेव पाठक व्याख्यान माला और जीवन परिचय सत्र को समर्पित रहा। जिसमें मुख्य वक्ता संपत सिंह ने पाठक के साथ संगठन कार्य और उनके सादगीपूर्ण जीवन और संगठन गढ़ने के मूल मंत्र से परिचय करवाते हुए राष्ट्र संवर्धन और संस्कार युक्त संगठन निर्माण की कार्य योजना से जुड़कर संगठन विस्तार के लक्ष्य को आत्मसात करने का आव्हान किया। संभाग के 4 जिलों गंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़ और बीकानेर से 172 शिक्षक/शिक्षिकाएं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ता शिक्षकों का व्यवस्था बनाए रखने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

मां करणी को सावन-भादो का महाप्रसाद

बीकानेर, (कासं)। देशनोक की करणी माता को नए साल के पहले दिन सावन-भादो का महाप्रसाद लगाया जायेगा।

इस बार प्रसाद में 100 सालों के इतिहास में पहली बार दाल का हलवा बनेगा। इसे बनवाने में करीब 85 लाख रूपए का खर्चा आयेगा। यह प्रसाद बीकानेर निवासी करणी कथा वाचक और महंत डॉ. करणी प्रताप सिंह के परिवार की ओर से करवाया जा रहा है। सावन-भादो महाप्रसाद 30 दिसम्बर को बनना शुरू होगा। सावन-भादो कड़ावा में बनने वाले दाल के हलवा के प्रसाद को इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया जायेगा।

इसे रिकॉर्ड बुक में शामिल करने के लिए टीम 31 दिसम्बर को देशनोक पहुंच जायेगी। टीम दो दिन तक यहीं पर रहकर हलवा बनाने की प्रक्रिया देखेगी। डॉ. करणी प्रताप सिंह ने बताया कि महाप्रसाद बनवाने से पहले मां करणी की पूजा की जायेगी। इसके बाद प्रसाद तैयार करवाया जायेगा। प्रसाद को बनाने में पालरा पानी का ही इस्तेमाल किया जायेगा। इसके अलावा प्रसाद बनाने में करीब 4 दर्जन लोग शामिल होंगे। इस बार 17,500 किलो दाल के हलवे का भोग लगाया जायेगा। इसमें 4000 किलो सरस घी काम में लिया जायेगा।

वहीं 3200 किलो दाल, 4800 किलो मावा, 4000 किलो चीनी और करीब साढ़े तीन किलो केसर का इस्तेमाल किया जायेगा। 250 किलो बादाम और पिस्ते का कतरन का भी उपयोग इसमें किया जायेगा। प्रसाद में 15 प्रतिशत राशि मंदिर को, 15 प्रतिशत पुजारी परिवार को, 1.5-1.5 प्रतिशत राशि ब्राह्मण और नाईयों को दी जायेगी।

सार-समाचार

भवानी भाई को याद किया

पूर्व महापौर भवानी शंकर शर्मा को शाकद्वीपीय समाज ने पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान खादी बोर्ड के अध्यक्ष, पूर्व प्रथम निर्वाचित महापौर वरिष्ठ नेता हर दिल अजीज दिवंगत भवानीशंकर शर्मा की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज बीकानेर शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया की निदेशक कामिनी बिमल भोजक मैया ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में भवानी शंकर शर्मा जैसा सरल सहज, और सौम्यता की छवि वाला राजनेता आज की तारीख में मिलना नामुमकिन है। उनका हर व्यक्ति से मिलकर उनका कार्य करवाना उनकी सरलता का परिचायक है। शाकद्वीपीय ब्राह्मण बंधु ट्रस्ट के अध्यक्ष आर. के. शर्मा ने कहा कि भवानी भाई जैसे व्यक्ति आज की राजनीति के क्षेत्र के लिए नितान्त आवश्यक हो जाते है। क्योंकि मूल्य आधारित राजनीति का जिस तरह से क्षरण हो रहा है। भवानी भाई जैसे सैद्धांतिक व्यक्ति याद आते है। मुख्य वक्ता भाई बंधु चेरिटेबल ट्रस्ट के महामंत्री नितिन वत्सस ने विस्तार से भवानी भाई के व्यतित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्लॉक की राजनीति से निकलकर प्रदेश के संगठन महामंत्री, खादी बोर्ड अध्यक्ष, जिला प्रमुख, दी बार न्यास अध्यक्ष रहना और उसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यभार के बाद बीकानेर शहर से प्रथम बार सीधे निर्वाचित होने वाले प्रथम राजनीतिज्ञ भवानी शंकर शर्मा जैसे सरल सहज आदर्शों पर चलने वाले राजनीतिज्ञ होना बहुत बड़ी बात होती है। राजेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, शिक्षाविद जेठमल शर्मा, जुगल किशोर शर्मा, राजेंद्र शर्मा, एडवोकेट राधेश्याम शर्मा ने संबोधित करते हुए भवानी भाई के आदर्शों को राजनीति में लागू करवाने की बात कही।

'भागवत हमें आत्म बोध कराती है'

न्यास एवं पर्यावरण पोषण यज्ञ समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राम कथा में प्रवचन देते आचार्य प्रद्युमन।

बीकानेर, (कासं)। न्यास एवं पर्यावरण पोषण यज्ञ समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राम कथा एवं प्रवचन के संदर्भ में जानकारी देते हुए ओमप्रकाश मोदी ने बताया कि आज तृतीय दिन स्वामी रामदेव के गुरु आचार्य प्रद्युमन ने उपस्थित दर्शकों के समक्ष अपने प्रवचन में बताया कि भागवत गीता हमें आत्मा का बोध करवाती है। स्वयं को जानना ही परमात्मा को जानना है। किसी भी कार्य को समर्पण के भाव से करें। हम अपनी रूचि के कार्य को करते चले जाएं। निस्वार्थ भाव से किए गए कार्य का परिणाम सदैव सकारात्मक होता है। जिस प्रकार मां के गर्भ में भ्रूण सुरक्षित रहता है। इस प्रकार हमें भी अपने आपको परमपिता परमेश्वर को सौंप देना चाहिए। निश्चित रूप से वही हमें सभी परिस्थितियों में सन्मार्ग दिखायेंगे। संगीतमय रामकथा का आनंद प्रदान करते हुए आचार्य कुलदीप ने कहा कि 5 वर्ष तक के बालक बालिका की शिक्षा का दायित्व माता का होता है। माता ही उसे सुसंस्कार प्रदान करती है। 6 से 10 वर्ष के बालक बालिका को बाहर की दुनियां से परिचित करवाना एवं उसके समक्ष आदर्श स्थापित करने का दायित्व पिता का होता है। तीसरा गुरू अध्यापक होता है जो उसे व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करता है। दर्शकों ने भजनों का आनंद लिया।

17 हजार से ज्यादा ने दी रीट परीक्षा

श्रीगंगानगर, (कासं)। आरपीएससी की सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन रविवार को सबसे ज्यादा उम्मीदवार रजिस्टर्ड थे। सुबह से सेंटर्स पर पहुंचने लगे। जीके की परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय और आसपास के इलाकों में 44 सेंटर्स बनाए गए। परीक्षा 31 दिसम्बर तक चलनी है। चारों दिन में सबसे ज्यादा 17137 उम्मीदवार रविवार को परीक्षा के लिए रजिस्टर्ड थे। शहर के सेठ जीएल बिहाणी एसडी कॉलेज, मटका चौक के गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल, डॉ.बी.आर. अबेडकर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज, एसजीएन खालसा कॉलेज सहित शहर के प्रमुख स्कूल कॉलेजों को सेंटर बनाया गया। वहीं शहर के बाहरी इलाकों में गांव तीन वाई के गोल्डन रेज स्कूल में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था। एक्जाम के लिए सुबह करीब 7 बजे से परीक्षार्थी पहुंचने लगे। सुबह साढ़े 7 बजे से प्रवेश शुरू किया गया। सुबह साढ़े 8 बजे तक परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। पूरी जांच के बाद उन्हें प्रवेश दिया गया। शाम की पारी में भी परीक्षा होनी है। शाम की पारी में विज्ञान की परीक्षा होगी। इसमें 2030 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड है। परीक्षा में रविवार को सुबह 17137 शाम को 2030, सोमवार को सुबह 2330 और शाम को 397 और मंगलवार को एक पारी में 2548 रजिस्टर्ड थे। परीक्षा के लिए संस्कृत के 79, हिंदी के 39, अंग्रेजी के 49, सामाजिक विज्ञान के 65, गणित के 68 और विज्ञान के 47 पदों के लिए यह परीक्षा हो रही है।

बर्फीली हवाओं से ग्रामीण अंचल ठिठुरा, कोहरा छाया

- कड़ाके की ठंड के कारण बाजार सुबह से दोपहर तक सूने रहे
- ठंड से बचने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया

श्रीडूंगरगढ़, (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ कस्बे सहित गांवों में भी सर्दी के तल्ख तेवर से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन में भी आमजन को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

हालांकि यह ठंड फसल के लिए काफी फायदेमंद है। कोहरे के कारण वाहन चालकों को दिन में लाइट जलानी पड़ रही है। सर्दी के कहर से लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। सुबह 11 बजे तक लोग अपने घरों में दुबके रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड के कारण बाजार सुबह से दोपहर तक सूने दिखाई दिए।

देराजसर के गांवों में ठंड ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने ग्रामीणों को अब आग का सहारा लेने के लिए मजबूर कर दिया है। इस सर्दी के साथ कोहरा भी अपना असर दिखा रहा है। सुबह होते ही घने कोहरे की चादर बिछ गई। सुबह होते ही ग्रामीण क्षेत्र कोहरे की चादर से ढक गए। लोग ठंड से बचने के लिए सुबह शाम अलाव का सहारा ले रहे हैं। कड़ाके की ठंड में अलाव ही अब सहारा है। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के चलते लोग ठिठुर गए और लोग अलाव का सहारा लेते नजर आये।

दियातरा में भी सुबह से घने कोहरे के साथ ठिठुर बढ़ गई। घने कोहरे के कारण लोगों को दो कदम से आगे दिखाई नहीं दे रहा था। सुबह 10 बजे के बाद लोग घरों से बाहर निकलते नजर आए। वहीं सड़क पर चलने वाले वाहनों ने हैड लाइटों को जलाकर सहारा लिया।

नोखा। रविवार अलसुबह से घना कोहरा छाया हुआ है। कोहरे के कारण विजिबिलिटी 20 मीटर से कम रही है। वहीं सर्द हवाओं और गलन के कारण लोग बिस्तर में ही दुबके रहे। सड़कों पर न तो वाहन चल रहे थे और न ही वॉक के लिए लोग निकले हुए थे।

देर रात से शुरू हुई कड़ाके की ठंड सुबह तक भी बरकरार थी। नोखा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में अलसुबह से 9 बजे तक नोखा कोहरे में लिपटा रहा तो सुबह सूर्योदय के बाद भी काफी देर तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। जिसके कारण लोग सुबह सुबह घरों से बाहर कम निकले।

रेल कोच निर्माण तकनीक का किया अवलोकन

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिले के कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने कपूरथला के रेल कोच फैक्ट्री में रेल के डिब्बों के निर्माण की तकनीक का अवलोकन किया।

बच्चों ने कपूरथला में ही पुष्पा गुजराल साइंस सिटी का भम्रण कर विज्ञान के विभिन्न आविष्कारों के बारे में जानकारी हासिल की। कार्यक्रम प्रभारी कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि विज्ञान के विद्यार्थियों की दो बसों को शुक्रवार को बीकानेर से मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा ने रवाना किया था।

सहायक परियोजना समन्वयक कृष्ण मोहन शर्मा ने बताया कि जिले के विज्ञान विषय के अध्ययन में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों को अन्तर राज्य भ्रमण के तहत कपूरथला और अमृतसर का भ्रमण करवाया जा रहा है।

सिंचाई पानी के लिए किसान आज करेंगे घेराव

- किसान संगठनों ने सरकार पर अनदेखी करने का आरोप लगाया

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगनहर में पर्याप्त सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने, फिरोजपुर फीडर का निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में शुरू करवाने सहित विभिन्न मांगों के संबंध में सोमवार को किसान जिला प्रशासन का घेराव करेंगे।

इसके लिए तैयारियां की जा रही है। किसानों के ग्रुप गांवों में किसानों से घेराव में शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि उनकी मांगों पर प्रशासन को अवश्य कार्रवाई करनी चाहिए। घेराव का यह आयोजन अखिल भारतीय किसान सभा, किसान आर्मी व किसान संघर्ष समिति की ओर से किया जा रहा है। किसान संगठनों ने सिंचाई विभाग व राजस्थान सरकार पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। घेराव के लिए गांवों में किसान नेता नुक्कड़ मीटिंग कर रहे हैं। किसान नेताओं ने बताया कि पिछले एक वर्ष से सिंचाई पानी के संकट के चलते खेती के हालात बेहद दयनीय है। सिंचाई विभाग पंजाब से शेयर के अनुरूप पूरा पानी लेने में नाकाम रहा है। कम पानी की वजह से बिजाई में मुश्किलें आ रही है। जो फसलें किसानों ने बोई है अब तक उन्हें भी पानी नहीं मिल रहा है। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रवक्ता रविन्द्र तरखान ने कहा कि सोमवार को जिला प्रशासन का घेराव करने की घोषणा की मुख्य वजह जिले में नहरबंदी जैसे हालात है। उहोंने कहा कि कोई नहर समय पर नहीं खुल रही है, किसानों की डबल बारी खाली जा रही है। किसान गंगनहर में शेयर अनुसार पूरा सिंचाई पानी देने, फिरोजपुर फीडर का पुनर्निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में 31 मार्च से पहले शुरू करने और भाखड़ा नहर में 20 मार्च तक 1200 क्यूसेक पानी निरंतर चलाने सहित कई मांगें कर रहे हैं।

'अनूपगढ़ जिले को रद्द करना गलत फैसला'

- प्रदेश के 9 जिले रद्द करने पर कांग्रेस सांसद कुलदीप इंदौरा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी

श्रीगंगानगर, (कासं)। प्रदेश के 9 जिले रद्द करने पर कांग्रेस सांसद कुलदीप इंदौरा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अनूपगढ़ जिला कैंसिल कर इसे फिर से श्रीगंगानगर में शामिल करने को उन्होंने भाजपा सरकार का गलत फैसला बताया है।

उन्होंने कहा कि यह एक घिनौना फैसला है। अनूपगढ़ को जिला बनवाने के लिए राजनीतिज्ञों ने खूब प्रयास किए थे। इंदौरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बहुत ही गलत फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि वे इसकी पुरजोर आलोचना करते हैं। एक लम्बे संघर्ष के बाद यह घोषणा हुई थी। इस इलाके के लोगों और राजनीतिज्ञों ने इसके लिए प्रयास किए। पिछली भाजपा सरकार के समय यह जिला नहीं बना तो बाद में गहलोत सरकार के समय कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा और तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत की जानकारी में मामला लाया गया।

गहलोत ने उस समय इलाके के लोगों और राजनीतिज्ञों को जयपुर बुलाकर उन्हें आश्वासन दिया था। यह इलाके के लिए बड़ा फैसला था। यह पिछड़ा इलाका है तथा इस इलाके को जिला बनाने की जरूरत थी।

मंडी में कार्यों के लिए 7.17 करोड़ मंजूर

बीकानेर, (कासं)। पूगल रोड स्थित फल-सब्जी मंडी के विकास को लेकर राज्य सरकार ने 7 करोड़ 17 लाख 51 हजार रूपए स्वीकृत किए हैं।

इस राशि से मंडी में टीनशेड और सीसी रोड का निर्माण किया जायेगा, जिससे व्यापारियों, किसानों और उपभोक्ताओं को सुविधाएं मिलेंगी। बीकानेर फ्रूट वेजिटेबल मर्चेन्ट और कमीशन एजेंट्स सोसायटी के अध्यक्ष अरविंद मिड्ढा ने बताया कि पूगल रोड स्थित फल-सब्जी मंडी में बड़े स्तर पर विकास कार्य होने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मंडी के विकास के लिए राशि स्वीकृत भी कर दी है। मिड्ढा ने बताया कि विकास कार्यों से मंडी का स्वरूप बदल जायेगा।

श्रीडूंगरगढ़ में खुलेआम दुकानों पर बिक रहा है पेट्रोल!

- प्रशासन की अनदेखी से बड़ा हादसा होने का खतरा है
- प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं

श्रीडूंगरगढ़, (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ कस्बे में अवैध पेट्रोल की बिक्री एक बड़ी समस्या बन चुकी है। कस्बे में वैध पेट्रोल पंप के अलावा कई छोटी किराणा और पंचर की दुकानों पर बोतलों में पेट्रोल भरकर खुलेआम बेचा जा रहा है

यह गैरकानूनी और खतरनाक कारोबार न केवल सुरक्षा मानकों का उल्लंघन कर रहा है, बल्कि स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है। इन दुकानदारों द्वारा पेट्रोल पंप से पेट्रोल खरीदकर इसे छोटी-छोटी बोतलों में भरकर 120 से 125 रूपए प्रति लीटर की दर से बेचा जा रहा है। अधिक मुनाफा कमाने के लिए कई बार पेट्रोल में पानी मिलाने की भी बात सामने आई है। बाहर से आये वाहन चालकों को पेट्रोल पंप का पता न होने के कारण उन्हें मजबूरी में यहां महंगा और मिलावटी पेट्रोल खरीदना पड़ता है।

कस्बे में पुलिस गश्त नियमित रूप से होने के बावजूद यह अवैध धंधा फल-फूल रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों को इस समस्या की शिकायतें मिलने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जानकार इस पूरे प्रकरण को प्रशासन की अनदेखी के साथ-साथ मिलीभगत के आरोप भी लगा रहे हैं। जब इस पूरे प्रकरण की पड़ताल की तो चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आई। कस्बे में कुछ पेट्रोल पंप संचालक भी बोतलों में पेट्रोल भरकर बेचते दिखाई दिए। अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों के गलत भंडारण के कारण हादसों का बड़ा कारण बन सकता है। पेट्रोल को बोतल में बेचना दंडनीय अपराध है, जिसमें 50 हजार रूपए तक का जुर्माना व पेट्रोल पंप सीज करने का प्रावधान है।

मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब बीकानेर क्लब ने जीता

- फाइनल मुकाबले में एलीट जयपुर को 1-0 से पराजित किया

विजेता बीकानेर टीम को राज्य स्तरीय मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी प्रदान करते राजेश चूरा।

बीकानेर, (कासं)। 30 वां राज्य स्तरीय मास्टर बच्ची गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब बीकानेर फुटबाल क्लब ने जीता।

बीकानेर फुटबाल क्लब ने पुष्करणा स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में एलीट जयपुर को 1-0 से पराजित किया। मैच का एक मात्र गोल बीकानेर के भरत ने किया। जिसने 18 वें मिनट में ही अपनी टीम को बढ़त दिलाई। जिसके बाद जयपुर की टीम ने इस गोल को उतारने का भरसक प्रयास किया। लेकिन कामयाब नहीं हो सकी। हालांकि मैच के अंतिम क्षणों में जयपुर को पेनल्टी का एक मौका भी मिला। किन्तु बीकानेर के गोलकीपर राहुल ओझा ने जयपुर के इस प्रयास को नाकाम कर दिया।

मीडिया प्रभारी हर्षित बिस्सा ने बताया कि विजेता टीम को सीता देवी छंगाणी स्मृति में पूर्व फुटबालर झमण छंगाणी पूर्व फुटबालर द्वारा रनिंग ट्रॉफी प्रदान की गई। वही विजेता व उपविजेता ट्रॉफी अमित सेठी मेमोरियल एवं पी. वी. कल्ला स्मृति जोधपुर की स्मृति में दी गई। विजेता उपविजेता मैडल मंगलचंद खरखोदिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा दिए गए। मैन ऑफ द मैच एलीट जयपुर के महिपत को स्व. चुन्नीलाल पंवार स्मृति द्वारा दिया गया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब बाल गोविन्दम स्कूल की ओर से बीकानेर फुटबाल क्लब के संतोष को प्रदान किया गया।

बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार बीकानेर के गौतम को स्मृति शेष कृष्ण कुमार पुरोहित श्रीधर माइंस एंड मिनरल्स द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि भारतीय फुटबाल टीम के पूर्व कप्तान मगन सिंह राजवी, विशिष्ट अतिथि राजेश चूरा व कार्यक्रम अध्यक्ष देवकिशन चांडक, स्वागतकर्ता राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने विजेता-उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। इस मौके पर अजय पुरोहित, कैलाश खरखोदिया, बुंदेला सिंह मौजूद थे।

आर्थिक सुधार के जनक डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

देहात कांग्रेस कार्यालय बीकानेर में श्रद्धांजलि सभा में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि दी।

बीकानेर,(कासं)। अखिल भारतीय व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दोपहर 12:00 बजे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी (देहात),रानी बाजार में आयोजित की गई।

जिला संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने इस अवसर पर सम्बोधित करते बताया कि सादगीपूर्ण जीवनशैली की मिशाल रहे स्व. मनमोहन सिंह ने तत्कालीन समय में विश्वव्यापी आर्थिक मंदी के दौर में औद्योगिक लाइसेंस राज को समाप्त कर देश की अर्थव्यवस्था को उदार बनाया और विकास को तेजी से आगे बढ़ाया। वरिष्ठ किसान नेता हनुमान चौधरी कॉमरेड ने कहा कि स्व. मनमोहन सिंह ने देश की जनता को सूचना का अधिकार, अमेरिका से न्यूक्लियर डील, आक्र, शिक्षा का अधिकार जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए। जिला उपाध्यक्ष अम्बाराम इणखिया ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे, जिन्होंने अनेक संवैधानिक संस्थाओं सहित भारतीय राजनीति में अनेक पदों पर रहकर देश सेवा की।

मार्शल ने बताया कि कार्यक्रम में ओमप्रकाश मेघवाल, चम्पालाल बारूपाल, सत्तू खां, खैराज चौधरी, राजपाल कुलहरि, दिलीप मान, अर्जुनराम कूकना, कुशलाराम मेघवाल, मलचन्द कस्वां आदि मौजूद थे।